Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# लोकगायक जीत सिंह नेगी के नाम पर होगा संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह का नाम

**घोषणा**


## जीत सिंह नेगी उत्तराखंड के लोक संगीत का प्रमुख स्तम्भ थेः मुख्यमंत्री

■ लोक कलाओं की अनेक विधाओं में दिया योगदान

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने संस्कृति विभाग के देहरादून स्थित प्रेक्षागृह का नाम उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लोकगायक और गीतकार स्वर्गीय श्री जीत सिंह नेगी के नाम पर रखे जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय श्री जीत सिंह नेगी उत्तराखंड के लोक संगीत का प्रमुख स्तम्भ थे। गढ़वाली लोकगीत को राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता दिलाने का सबसे पहले श्रेय जीत सिंह नेगी जी को ही जाता है।

वर्ष 1947 में एचएमवी ने उनके गीतों को उन्हीं की आवाज में रिकॉर्ड किया था। उन्होंने लोक कलाओं की अनेक विधाओं में योगदान दिया। वे लोक कलाकार के साथ रंगकर्मी भी थे। उनके गीतों में पहाड़ की भावनाएं महसूस की जा सकती हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय जीत सिंह नेगी जी को श्रद्धांजलि स्वरूप प्रेक्षागृह का नाम उनके नाम पर किया जा रहा है। संस्कृति के क्षेत्र में वे सदैव प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। हरिद्वार बाईपास पर आकाशवाणी भवन के निकट स्थित संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह का उद्घाटन इसी वर्ष फरवरी माह में किया गया था। इस हाईटेक प्रेक्षागृह की क्षमता 270 है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी सभ्यता अपनी संस्कृति से ही जीवंत रहती है। राज्य सरकार उत्तराखण्ड की संस्कृति को देश व दुनिया तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। लोक कलाकारों के संरक्षण के लिए अनेक महत्वपूर्ण काम किए जा रहे हैं।

> राज्य सरकार उत्तराखण्ड की संस्कृति को देश व दुनिया तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। लोक कलाकारों के संरक्षण के लिए अनेक महत्वपूर्ण काम किए जा रहे हैं।
> – त्रिवेंद्र सिंह रावत, सीएम।

वृद्ध कलाकारों व लेखकों को मासिक पेंशन के साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों से जुडे स्वायत्तशासी संस्थाओं को अनुदान दिया जा रहा है। सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्मारकों व प्राचीन भवनों का संरक्षण किया जा रहा है। क्षेत्रीय एवं स्थानीय संग्रहालयों के उन्नयन और सुदृढीकरण के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। कला एवं अन्य विधाओं से जुडे निर्धन कलाकारों तथा उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता भी दी जा रही है।

कोविड–19 के दृष्टिगत भी संस्कृति विभाग में सूचिबद्ध कलाकारों को एक–एक हजार रूपए की वनटाईम आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## न्यूज डायरी

### संजय गुंज्याल को कोविड समिति कांटेक्ट ट्रेसिंग का राज्य नोडल का दायित्व

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य में महामारी कोरोना वायरस कोविड 19 के संकट से निपटने को एसडीआरएफ महानिरीक्षक संजय गुंज्याल (आईपीएस) को कोविड समिति कांटेक्ट ट्रेसिंग का राज्य नोडल का दायित्व सौंपा गया है। पूर्व में भी कोविड संकट और लॉक डाउन के दौरान आई संजय गुंज्याल को राज्य नोडल ऑफिसर नियुक्त किया था और जिस वृहद अभियान में उत्तराखंड प्रवासियों को सुरक्षित उत्तराखंड लाने एवं अन्य राज्य प्रवासियों को सम्बन्धित राज्यों को सकुशल भेजने में आईजी एसडीआरएफ द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था। बताया गया कि अभियान में राज्यों के विभिन शहरों से लाखों प्रवासियों को अलग अलग माध्यमों से उत्तराखंड लाया गया। आईजी संजय गुंज्याल के मातहत सहयोग हेतु एसपी रेलवे टीसी मंजूनाथ को भी। बताया गया कि राज्य स्तर की विशेष टीम में रखा गया है।

### आठ जुलाई को प्रदेश महामंत्रियों की बैठक लेंगे

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस पार्टी में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने व जन मुद्दों पर पार्टी के संघर्ष को धार देने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों की चरणबद्ध बैठकें आगामी सात व आठ जुलाई को आयोजित की गई हैं। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि सात जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गणों की बैठक लेंगे व आठ जुलाई को प्रदेश महामंत्रियों की बैठक लेंगे। धस्माना ने बताया कि प्रदेश पदाधिकारियों की बैठको में पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों व आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की रूप रेखा तय की जाएगी।

### बैंक से धोखाधड़ी कर ले लिया 15 लाख का ऋण

**संवाददाता** रुड़की। प्रॉपर्टी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक से 15 लाख रुपये का ऋण लेने के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बैंक प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश साह ने बताया कि सिविल लाइंस स्थित इलाहाबाद बैंक के प्रबंधक ब्रह्मदत्त शर्मा ने एक तहरीर दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 में मै. हरिओम ट्रेडर्स कृष्णानगर की ओर से सुंदरलाल निवासी कृष्णानगर एवं बबीता निवासी कृष्णानगर ने स्कूल बैग बनाने के लिए एक लघु उद्योग खोलने कोआवेदन किया था। इसके लिए उन्होंने एक प्रॉपर्टी के कागजात बैंक में गिरवी रखे थे।

## बढ़े हुए पेट्रोल के दामों को वापस लेने की मांग, दिया ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। वामपंथी दलों ने पेट्रोल मूल्य वृद्धि के खिलाफ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर प्रधानमन्त्री को ज्ञापन प्रेषित किया और कहा कि शीघ्र ही इस बढ़ोत्तरी को तत्काल प्रभाव से वापस लिये जाने की मांग की है और कहा कि जल्द कार्यवाही न होने पर आंदोलन तेज किया जायेगा। वामपंथी दलों का देशव्यापी विरोध दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में पेट्रोल ,डीजल के मूल्य वृद्धि के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय पर इकटठा हुए ओर वहां पर जोरदार प्रदर्शन किया तथा राजधानी देहरादून मे जिलाधिकारी देहरादून के माध्यम से प्रधानमन्त्री को ज्ञापन प्रेषित कर तत्काल मूल्य वृद्धि वापस लेने की माग की। इस अवसर पर ज्ञापन मे स्पष्ट कहा गया है कि यदि सरकार ने मूल्य वृद्धि वापस नहीं ली तो बामपंथी दल राष्ट्रव्यापी आन्दोलन चलाऐगी। इस अवसर पर ज्ञापन मे कहा गया है कि आपकी सरकार 2014 मे महगाई तथा पेट्रोल मूल्य वृद्धि तथा भ्रष्टाचार के सवाल पर सत्ता मे आयी थी। किन्तु आमजनता को राहत देने के बजाय आपकी सरकार ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है साथ ही आपकी नीतियां बडे घरानों की पक्षधर है ।




# आंखों पर काली पट्टी बांधकर धरने पर बैठे छात्र

**संवाददाता**

देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं व छात्रों ने डीएवी पीजी कॉलेज में आँखों में काली पट्टी बांध कर केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ सीधे प्रमोशन, छह महीने या एक सेमेस्टर की फीस माफ करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया और कहा कि शीघ्र ही इस ओर कार्यवाही न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा।

एनएसयूआई के कार्यकर्ता व छात्र विकास नेगी के नेतृत्व में डीएवी पीजी कॉलेज में इकटठा हुए और सीधे प्रमोशन, छह महीने या एक सेमेस्टर की फीस माफ



किये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया और इस अवसर पर कहा कि जल्द ही इस ओर कार्यवाही न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा। इस अवसर में विकास नेगी ने कहा है जैसे की पूरा भारत कोरोना वायरस कोविड–19 जैसी महामारी से जूझ रहा है जिससे हमारा उत्तराखंड भी अछूता नहीं है और एक ओर कोरोना महामारी और दूसरी ओर केन्द्र व राज्य सरकार किसी भी प्रकार काक कोई निर्णय नहीं ले रही है। विकास नेगी ने कहा है जैसे की पूरा भारत कोरोना वायरस कोविड–19 जैसी महामारी से जूझ रहा है जिसे हमारा उत्तराखंड भी अछूता नहीं है।

## ऊर्जा निगमों पर नकेल सरकार का सराहनीय कदम,मोर्चा की मुहिम लाई

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सरकार द्वारा ऊर्जा विभाग के तीनों निगमों यथा यूपीसीएल, यूजेवीएनएल व पिटकुल पर नकेल कसने हेतु पूर्व मुख्य सचिव सुभाष कुमार की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है, जो कि सरकार का सराहनीय कदम है। उक्त निगमों पर नकेल कसने हेतु जनवरी 2020 में मोर्चा द्वारा सरकार से मांग की गई थी तथा तीन दिन पहले ही वर्ष 2002–03 में यूजेवीएनएल में हुई फर्जी नियुक्तियों के मामले में सरकार से कार्रवाई की मांग की गई थी। नेगी ने कहा कि पूर्व में इन निगमों को स्वायत्तता प्रदान की गई थी, जिसके चलते इन निगमों में प्रबंध निदेशकों का एक छत्र राज चलता है। अति महत्वपूर्ण यह है कि स्वायत्तता के चलते इन निगमों के आका कर्मचारियों ध्अधिकारियों की नियुक्तियां, पदोन्नति, पद सृजन, उच्चीकरण, वेतन निर्धारण, निविदाओं का खेल, करोड़ों –अरबों के सामान की खरीद–फरोख्त आदि तमाम मामलों में बहुत बड़ा खेल कर जाते हैं, जिसकी भनक शासन तक को नहीं लग पाती है।